शिक्षक निर्वाचन में 84.15 प्रतिशत मतदान, डीएम और एसपी ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण



पडरौना (कुशीनगर)। गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 के तहत शुक्रवार को कुशीनगर जिले में मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। जिले के 15 मतदान केंद्रों पर कुल 3496 शिक्षक मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करना था। सुबह आठ बजे शुरू हुई मतदान प्रक्रिया शाम चार बजे समाप्त हुई। इस दौरान जिले में कुल 84.15 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

मतदान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था और निर्वाचन प्रक्रिया का जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी संजय चौहान ने पुलिस अधीक्षक के साथ पडरौना ब्लॉक, नगर पालिका पडरौना, रामकोला ब्लॉक और कप्तानगंज स्थित मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान कार्मिकों से मतदाताओं की संख्या, मतदान की स्थिति और मतदान प्रतिशत की जानकारी ली। साथ ही भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से मतदान कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों और मतदान कार्मिकों को जिम्मेदारी एवं सतर्कता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने तथा मतदान केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं बनाए रखने को कहा।

उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने और आयोग के निर्देशों का कड़ाई से पालन करने पर जोर दिया। प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार, दोपहर दो बजे तक जिले में 71.48 प्रतिशत मतदान हो चुका था। शाम चार बजे मतदान समाप्त होने तक मतदान का प्रतिशत बढ़कर 84.15 हो गया। पूरे जिले में मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

किसी भी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। मतदान समाप्त होने के बाद मतपेटियों को कलेक्ट्रेट सभागार लाया गया। इसके बाद संबंधित अधिकारियों और मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में मतपेटियों को दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर भेज दिया गया।

मतगणना की प्रक्रिया विश्वविद्यालय में संपन्न होगी।

सुकरौली बाजार प्रतिनिधि के अनुसार सुकरौली ब्लॉक सभागार में शुक्रवार को गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए बनाए गए मतदान केंद्र के बूथ संख्या 169 पर शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न हुआ। यहां कुल 112 मतदाताओं में से 103 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

इस तरह बूथ पर करीब 92 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान केंद्र पर सुबह आठ बजे से ही मतदाताओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। दोपहर 1:30 बजे माध्यमिक शिक्षक संघ कुशीनगर के जिलाध्यक्ष अनिल कुमार दुबे ने मतदान केंद्र पर पहुंचकर अपना मत डाला। दोपहर बाद 3:30 बजे हाटा के ज्वाइंट मजिस्ट्रेट मयंक त्रिपाठी ने अचानक मतदान केंद्र पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उन्होंने मतदान कर्मियों से मतदान की स्थिति की जानकारी ली। इस दौरान ड्यूटी पर तैनात कुछ महिला पुलिसकर्मियों ने पानी की व्यवस्था नहीं होने की शिकायत की।

इस पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने मौके पर मौजूद ब्लॉक के जिम्मेदार अधिकारी को फटकार लगाते हुए तत्काल पानी की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। मतदान केंद्र पर पीठासीन अधिकारी आशीष कुमार के साथ मतदान कर्मी अमित कुमार, अनिल कुमार और अशोक शाही की तैनाती रही। पीठासीन अधिकारी आशीष कुमार ने बताया कि शाम चार बजे तक कुल 112 मतों में से 103 मत पड़े। इसके बाद प्रशासन की मौजूदगी में वीडियोग्राफी कराते हुए मतपेटिका को सील कर दिया गया। मतदान को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए मतदान स्थल के आसपास पर्याप्त संख्या में पुलिसकर्मी मुस्तैदी से तैनात रहे।

❑शांतिपूर्ण मतदान के बाद मतपेटियां गोरखपुर भेजी गईं
❑सुकरौली के बूथ संख्या 169 पर 92 प्रतिशत से अधिक मतदान, शिक्षण एमएलसी चुनाव मे 112 मतदाताओं में से 103 ने किया मताधिकार का प्रयोग, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट हाटा मयंक मिश्रा ने मतदान केंद्र का किया निरीक्षण

गोरखपुर-फैजाबाद शिक्षक स्नातक निर्वाचन क्षेत्र भटनी मतदान केन्द्र पर 78,33प्रतिशत मत पड़े

भटनी (देवरिया)स्थानीय विकास खण्ड के सभागार मे स्थित गोरखपुर-फैजाबाद शिक्षक विधायक निर्वाचन निर्वाचन के पर 78,33ममतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया । भटनी विकास खण्ड के मतदेयस्थल पर कुल 323मतदाता थे ।जिसमें 253 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया । पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी शान्ति पूर्वक चुनाव सम्पन्न कराने के लिए पुरी तरह से मुश्तैद रही । चुनाव शान्तिपूर्ण व सकुशल सम्पन्न हो गयी ।

गाजे बाजे के साथ हुआ दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन



कसया(कुशीनगर)। नगर पालिका परिषद कुशीनगर और कसया ब्लॉक क्षेत्र के गांवों में बने पंडालों में स्थापित मां दुर्गा और देवी देवताओं की प्रतिमाओं का विसर्जन नदी, जलाशयों में गाजे, बाजे के साथ किया गया।

शुक्रवार को बुद्ध स्थली स्थित खेदनी, मंगलपुर, मुंडेरा रत्नपट्टी, पिपराझाम, चकदेइया, सेमरा उर्फ झुंगवा, शामपुर, पकवा इनार, सिरसिया, झुंगवा, सुखारी छपरा, विश्वंभर पुर, सिरसिया खोहिया की मूर्तियां छोटी गंडक के हेतिमपुर, नौतन, चकदेइया आदि घाटों पर बुद्ध मार्ग पर स्थापित प्रतिमा का गाजे, बाजे के साथ रामाभार घाट पर विसर्जन किया गया।

क्षेत्र के डुमरी, बेलवा पालकधारी सिंह, बनवारी टोला, डुमरी की दुर्गा प्रतिमाएं हिरण्यवती नदी पर बने रामाभार घाट पर प्रशासन की कड़ी सुरक्षा के बीच और नपा कर्मचारियों की देखरेख में विसर्जित की गई।

गुरुम्हिया क्षेत्र की प्रतिमाएं राम घाट और अन्य घाटों पर विसर्जित की गई। इसी क्रम में सूखा टोला, विसर्जित की गई।

इससे पूर्व श्रद्धालुओं ने विधि विधान से दुर्गा सहित देवी देवताओं की प्रतिमाओं का पूजन किया और आरती उतारी।

पूरा माहौल भावुक और भक्तिमय हो गया। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट जी अक्षय दीपक, सीओ डॉ अजय कुमार सिंह के निर्देशन में थानाध्यक्ष इत्यानन्द पाण्डेय के नेतृत्व में क्षेत्र में निकले जुलूस में पुलिस बल जगह जगह मुस्तैद रही।

पानी घटा पर अहिरौली दान में दबाव बरकरार



बभनौली (कुशीनगर)। गंडक नदी का डिस्चार्ज घटने के बावजूद एपी तटबंध के अहिरौली दान क्षेत्र में नदी का दबाव बरकरार है।

❑किमी 13.200 से 14.500 के बीच बैक रोलिंग से कटान जारी, बोल्डर, जियो बैग और मिट्टी डालकर बचाव में जुटा बाढ़ खंड

तटबंध के किमी 13.200 से 14.500 के बीच नदी की धारा सीधे तटबंध से सटकर बह रही है। बैक रोलिंग के कारण लगातार कटान होने से तटबंध के एप्रन पर दबाव बना हुआ है। खैरखुटा और नोनिया पट्टी के सामने नदी की धारा तटबंध के बिल्कुल करीब होने से आसपास की आबादी की चिंता बढ़ गई है। हालांकि, विभागीय अधिकारियों के अनुसार फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। एपी तटबंध के जवही दयाल के पास कटान के बाद तटबंध टूटने की घटना के तीन-चार दिन बाद से ही गंडक नदी के डिस्चार्ज में कमी आने लगी थी। इसके बावजूद अहिरौली दान क्षेत्र के खैरखुटा और नोनिया पट्टी के सामने नदी की धारा का दबाव कम नहीं हुआ है।

जलस्तर और डिस्चार्ज में गिरावट के बाद भी तेज धारा तटबंध के किनारे टकरा रही है। बैक रोलिंग के चलते कटान जारी रहने से तटबंध की सुरक्षा को लेकर विभाग सतर्क है।

कटान पर अंकुश लगाने के लिए बाढ़ खंड विभाग की ओर से पिछले करीब 15 दिनों से लगातार बचाव कार्य कराया जा रहा है। संवेदनशील स्थानों पर बोल्डर, जियो बैग और मिट्टी डालकर नदी की धारा के दबाव को कम करने तथा कटान रोकने का प्रयास किया जा रहा है। इसके बावजूद नदी का तटबंध से सटकर बहना विभाग के लिए चुनौती बना हुआ है। आबादी के नजदीक कटान जारी रहने से ग्रामीणों में भी चिंता बनी हुई है। इस संबंध में एसडीओ दीप रतन सिंह और जेई रमेश धर दुबे ने बताया कि नदी की धारा सीधे तटबंध से टकरा रही है, जिससे बीच-बीच में एप्रन पर दबाव बन रहा है।

संवेदनशील स्थानों पर बोल्डर, मिट्टी और जियो बैग डालकर कटान रोकने तथा नदी के दबाव को कम करने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। विभागीय टीम मौके पर निगरानी कर रही है। अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और बचाव कार्य लगातार जारी है।

राष्ट्रीय छात्रवृत्ति परीक्षा के आवेदन में हैंसर बाजार अव्वल, 296 विद्यार्थियों ने किया आवेदन

मेंहदावल, संतकबीरनगर। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा के लिए आवेदन कराने में शिक्षा क्षेत्र हैंसर बाजार ने जनपद में प्रथम स्थान हासिल किया है। क्षेत्र से कुल 296 विद्यार्थियों ने आवेदन किया है, जो जनपद के सभी नौ विकासखंडों में सर्वाधिक है। उत्तर प्रदेश में यह परीक्षा आगामी 01 नवंबर 2026 को आयोजित की जाएगी।

ऐसे में अब विद्यार्थियों को परीक्षा की बेहतर तैयारी कराने पर जोर दिया जा रहा है। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा के लिए सेमरियावां से 220, बघौली से 198, खलीलाबाद से 190, नाथनगर से 181, सांथा से 159, पौली से 147, बेलहर कला से 141 तथा मेंहदावल से 114 विद्यार्थियों ने आवेदन किया है। आवेदन के मामले में हैंसर बाजार ने अन्य सभी विकासखंडों को पीछे छोड़ते हुए जनपद में अपनी अग्रणी स्थिति दर्ज कराई है। इस उपलब्धि पर खण्ड शिक्षा अधिकारी, हैंसर बाजार ज्ञान चंद्र मिश्र ने क्षेत्र के समस्त प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना आर्थिक रूप से कमजोर, लेकिन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को आगे बढ़ने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करती है। पात्र विद्यार्थियों को परीक्षा के प्रति जागरूक करना, समय से आवेदन सुनिश्चित कराना तथा उन्हें इस अवसर का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करना शिक्षकों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। श्री मिश्र ने कहा कि हैंसर बाजार के शिक्षकों ने सामूहिक प्रयास, जागरूकता और टीम भावना का परिचय देते हुए जनपद में सर्वाधिक आवेदन सुनिश्चित कराए हैं। यह उपलब्धि उत्साहवर्धक है, लेकिन वास्तविक सफलता तब होगी, जब अधिकाधिक विद्यार्थी परीक्षा में सफल होकर छात्रवृत्ति का लाभ प्राप्त करेंगे। उन्होंने शिक्षकों से आगामी 01 नवंबर को आयोजित होने वाली परीक्षा को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों को नियमित मार्गदर्शन देने, अभ्यास कराने तथा परीक्षा की तैयारी में आवश्यक सहयोग प्रदान करने का आह्वान किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि शिक्षकों के सतत प्रयासों से हैंसर बाजार आवेदन के साथ-साथ परीक्षा परिणामों में भी जनपद में अग्रणी स्थान प्राप्त करेगा।

बीएम सिटी मार्ग की हालत हुई बद से बदतर

❑यात्रियों एंव वाहन चालको के लिए उक्त मार्ग बना जानलेवा

मेंहदावल, संतकबीर नगर ! बीएम सिटी मार्ग मेंहदावल, नंदौर, बस्ती वाया करमैनी कैंपियरगंज का यह 44 किलो मीटर का यह बीएम सिटी मार्ग काफी जर्जर और



खस्ताहाल स्थिति में हो गया है ! जगह-जगह गड्ढों से यात्रियों को हिचकोले खाने पड रहे हैं तथा वाहन चालकों के वाहन के कल पुर्जे खराब हो जा रहे हैं, और तो और वक्त मार्ग जानलेवा बना हुआ है ! परंतु जिम्मेदारों की इस पर दृष्टि नहीं पड़ रही है, लोग अपनी राजनीति चमकाने में लगे हुए हैं जनता को उठानी पड़ रही है ढेर सारी दिक्कतें! टेंपो चालकों से लेकर टू व्हीलर तथा छोटी बड़ी गाड़ियों के चालक परिचालक बीएम सिटी मार्ग के गढडों से परेसां हाल हैं तो वहीं रेलवे का निर्माण कार्य भी तेज गति से चालू होना चाह रहा है उक्त मार्ग से ही रेलवे का कार्य करने हेतु सामग्री लाया जाता है उक्त कार्यों में भी बीएम सिटी मार्ग के खराब होने के कारण कार्यों में मध्यम गति बनी हुई है, लोगों का कहना है कि उक्त मार्ग को सही कराने के लिए यहां वहां तारकोल, गिट्टी वगैरह डालकर इति श्री कर ली जाती है, जबकि वहीं बगल के छोटे गड्ढों को नहीं ढका जाता है, वहीं गड्ढा आगे चलकर कर बड़ा गड्ढा बन जाता है जिससे उपरोक्त समस्या बनी हुई है परंतु जिम्मेदारों के मौन धारण करने से क्षेत्र वासियो में जिम्मेदारों के प्रति आक्रोश बढ़ता जा रहा है ।

प्रतिदिन रु.10 में भोजन वितरण कार्यक्रम प्रारंभ

मेंहदावल, संतकबीर नगर ! मेंहदावल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य द्वार पर राजा राम सेवा फाउंडेशन की तरफ से श्याम रसोई प्रतिदिन ?10 में भोजन वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया ! सांथा ब्लॉक प्रमुख/ प्रशासक अरविन्द जायसवाल के संरक्षण में श्याम रसोई के भव्य शुभारंभ में डॉक्टर शादाब कादरी एडवोकेट श्री राय ने संयुक्त रूप से बताया कि राजाराम सेवा फाउंडेशन के अंतर्गत आज से प्रतिदिन मात्र 10 में भोजन वितरित किया जाएगा।

इटवा तहसील में 79.27 प्रतिशत हुआ मतदान, शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई प्रक्रिया

इटवा (सिद्धार्थनगर)। गोरखपुर-फैजाबाद खंड निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत इटवा तहसील कार्यालय स्थित मतदान केंद्र संख्या चार पर मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। मतदान के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। शाम चार बजे तक कुल 79.27 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। जानकारी के अनुसार, मतदान प्रक्रिया सुबह आठ बजे शुरू हुई।

इस बार मतदान स्थल इटवा तहसील सभागार में बनाया गया था। यहां कुल 246 पंजीकृत मतदाता थे, जिनमें 215 पुरुष और 31 महिला मतदाता शामिल थे। मतदान के दौरान सुबह 10 बजे तक 10.57 प्रतिशत, दोपहर 12 बजे तक 43.09 प्रतिशत और दोपहर दो बजे तक 65.45 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं, शाम चार बजे तक मतदान का प्रतिशत बढ़कर 79.27 हो गया। इस समय तक कुल 195 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जिनमें 177 पुरुष और 18 महिला मतदाता शामिल रहीं। मतदान केंद्र का अपर जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। वहीं, तहसील स्तरीय अधिकारी और कर्मचारी अपनी ड्यूटी पर मुस्तैद रहे। तहसील परिसर के बाहर विभिन्न प्रत्याशियों के बूथ एजेंट मौजूद रहे। प्रत्याशियों के कार्यकर्ताओं और मतदाताओं की आवाजाही से परिसर में दिनभर चहल-पहल बनी रही। कुल मिलाकर, मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई और मतदान केंद्र पर सुरक्षा एवं प्रशासनिक व्यवस्था बनाए रखी गई।

सांप काटने से भाजपा नेता की मौत

टेकुआटार ,कुशीनगर ।कसवा तहसील अंतर्गत ग्राम महुयी खुर्द निवासी प्रबंधक, भाजपा नेता दिनेश चौधरी पुत्र सूर्यनाथचौधरी की सांप काटने से मेडिकल कॉलेज पडरौना मैं मौत हो गई । आज सुबह दिनेश चौधरी अपने स्कूल से किसी काम बस बाहर निकले थे पैर के अगूठे में जहरीला सांप काट लिया आनंन फानन में परिजन दिनेश चौधरी को गाड़ी से जिला मेडिकल कॉलेज पडरौना ले गए वहां डाक्टरों की लापरवाही होने से दवा लेट शुरू करने पर परिजन हंगामा करने लगे तभी जाकर डॉक्टर ने दवा शुरू किया तब तक काफी लेट हो गई थी जहर पूरी तरह शरीर में फैल गया और अस्पताल में ही मौत हो गई पुलिस लाश को पोस्टमार्टम ले गई और पोस्टमार्टम के बाद छोटी गंडक नदी मे अंतिम संस्कार किया गया इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक पी एन पाठक ,ब्लॉक प्रमुख सुधीर राव, पूर्वब्लॉक प्रमुख ललन चौधरी, जिला पंचायत सदस्य सतवंत यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश राव ,पूर्व मंडल अध्यक्ष अमरनाथ मद्धेशिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष विनोद गुप्ता, सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित रहे।

हनुमान मन्दिर से बाईक चोरी

भटनी(देवरिया)स्थानीय रेलवे स्टेशन के ओवरब्रिज के दक्षिण तरफ स्थित हनुमान मन्दिर के पास खडी बाईक चोरी ।बताया गया है कि ग्राम बलुअफगान निवासी मुन्ना कुमार यादव पुत्र सुरेश यादव हनुमान मन्दिर के पास अपनी यू पी -52-एपी 9178 को खडी कर ओवरब्रिज से होते हुए अपनी बहन को छोडने रेलवे स्टेशन पर चला गया । स्टेशन से वापस आने पर बाईक वहाँ नही मिली । काफी खोजबीन के बाद मुन्ना यादव ने थाने पहुंच कर बाईक चोरी की तहरीर दी ।तहरीर मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर छानबीन करती नजर आयी ।पुलिस केवडा व आस पास के लगे सी सी कैमरे की जाँच करते हुए वापस चली गयी

नौरंगिया चौराहे पर दो गुटों में मारपीट, वीडियो वायरल

नेबुआ नौरंगिया (कुशीनगर)। स्थानीय थाना क्षेत्र के नौरंगिया चौराहे पर गुरुवार रात करीब नौ बजे दो गुटों के बीच मारपीट हो गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद क्षेत्र में चर्चा तेज हो गई है। घटना से स्थानीय दुकानदारों और राहगीरों में भय का माहौल बताया जा रहा है। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में बड़ी संख्या में युवक दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में कुछ लोगों के हाथों में हथियार नजर आने का दावा किया जा रहा है। आरोप है कि मारपीट के दौरान राहगीरों के साथ भी मारपीट की गई और एक वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। बताया जा रहा है कि घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को आता देख मारपीट में शामिल लोग कथित तौर पर एक बाइक छोड़कर फरार हो गए। घटना के बाद चौराहे के दुकानदारों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। स्थानीय लोगों ने पुलिस से मामले की जांच कर आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई करने और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। इस संबंध में नेबुआ नौरंगिया के प्रभारी निरीक्षक संजय दुबे ने बताया कि मामले में अभी तहरीर नहीं मिली है। पुलिस जांच कर रही है। दो लोगों को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की जा रही है। उन्होंने कहा कि मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

छठ पर्व को लेकर तैयारी तेज, अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल ने किया घाटों का निरीक्षण

कसया, कुशीनगर। आस्था के महापर्व छठ को लेकर नगर पालिका परिषद कुशीनगर में तैयारियां तेज हो गई हैं। भाजपा नेता और अध्यक्ष



प्रतिनिधि राकेश कुमार जायसवाल ने शुक्रवार को विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। नपा अध्यक्ष किरन जायसवाल ने सभी वार्डों में बने छठ घाटों की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, जल निकासी, आवागमन मार्ग और रंग-रोगन के निर्देश कर्मचारियों को दिए हैं। इसी क्रम में श्री जायसवाल ने वार्ड नंबर 25 के छठ घाट का निरीक्षण किया और स्थानीय लोगों का कुशलक्षेम पूछा।

नगर में शिव मंदिर पोखरा, श्रीराम जानकी मठ, भरौली, मथौली, रामाभार और बुद्धा घाट सहित सौ से अधिक स्थानों पर बने पोखरों व जलाशयों पर छठ घाट बने हैं, जहां सफाई कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल ने कहा कि छठ व्रतियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए पालिका पूरी तरह मुस्तैद है। सभी घाटों पर समय से सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली जाएंगी।

जिला कारागार में बंदी समस्या समाधान दिवस का आयोजन

मेंहदावल, संतकबीरनगर। जनपद न्यायाधीश रणधीर सिंह के निर्देशन व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव व न्यायिक अधिकारी अनन्या साह के पहल पर शुक्रवार को लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के चीफ अन्जय कुमार श्रीवास्तव के अध्यक्षता में जिला कारागार



में बंदी समस्या समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान कारागार में निरुद्ध एक बंदी ने कहा कि साहब फेरी लगाकर कपड़ा बेचने का कार्य करता था। प्रेम विवाह के बाद उसके हत्या के प्रयास में निरुद्ध हूँ। उसने छुड़ाने की गुहार लगाया। लखीमपुर खीरी जनपद के मितौली थानाक्षेत्र के मितौली गाँव निवासी अमन उर्फ मुजीव ने कहा कि वह संतकबीरनगर जिले में फेरी लगाकर कपड़ा बेचने का कारोबार करता था। इसी दौरान उसने एक युवती से प्रेम विवाह कर लिया। उसके मायके जाने पर उसे उसकी हत्या करने के मामले में बखिरा थाने में मुकदमा दर्ज कराकर फंसा दिया गया है। युवती भी उसके खिलाफ बयान दे रही है। उसने कारागार से छुड़ाने को बात कही। इसी प्रकार दुधारा थानाक्षेत्र के देवापार गांव निवासी तौलन ने कहा कि उसका एक मित्र उसे मोटरसाइकिल देकर एक जगह ले जाने की बात कही। वह मोटरसाइकिल वहां लेकर गया और उसे बेलहर कला पुलिस द्वारा पकड़ लिया गया। उसे बाद में पता चला कि मोटरसाइकिल चोरी की थी। इसी प्रकार दर्जनों बंदियों ने अपनी समस्या रखी, जिसके नियमानुसार समाधान किए जाने की बात कही गई। इस दौरान डिप्टी डिफेंस काउंसिल संजीव कुमार पांडेय, असिस्टेंट डिफेंस काउंसिल प्रज्ञा श्रीवास्तव, डिप्टी जेलर मोतीलाल गुप्ता व जेल पीएलवी सुनील तथा विभिन्न बंदी मौजूद रहे।